हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 चैत्र नवरात्र में वागेश्वरी देवी का बदलेगा स्वरूप, स्वर्ण स्वरूप में देंगी दर्शन



## खबर संक्षेप

### चेट्री चंद्र महोत्सव पर होगा 3 दिवसीय समारोह

**अम्बिकापुर।** पूज्य सिंधी समाज द्वारा सिंधी संप्रदाय के इष्ट श्री झूलेलाल जी का जन्म दिवस चेट्री चंद्र महोत्सव के रूप में 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज द्वारा इस वर्ष जयंती समारोह 7 अप्रैल से प्रारम्भ करने एवं तीन दिवसीय समारोह में विविध धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधिया संचालित करने का निर्णय लिया गया है। समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर 1 अप्रैल को सिंधु भवन में समाज की बैठक हुई। बैठक में सर्व सम्मति से 7 अप्रैल से जयंती समारोह प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। तीन दिवसीय समारोह में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, सिंधु भवन में आनंद मेला, शंकरघाट की साफ-सफाई, हिन्दु नववर्ष के उपलक्ष्य में घड़ी चौक पर दीप प्रज्वलन, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, जयंती दिवस पर भजन, आरती, पल्लव, प्रसाद वितरण, स्कूटर रैली, सिंधु भवन में आम लंगर एवं शहर में चना-शर्बत वितरण किया जाएगा।

### पार्थ इवेंट्स का ब्यूटी रनिंग एक्सपो आज शामिल होंगी बॉलीवुड अभिनेत्री

**अंबिकापुर।** बुधवार को पार्थ इवेंट्स द्वारा होटल पर्पल आर्चिड में ब्यूटी रनिंग एक्सपो सीजन-4 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एक्ट्रेस रितु शिवपुरी शामिल होंगी। पार्थ इवेंट की संचालिका सविता सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के अलग अलग राज्य और शहरों मुंबई, अहमदाबाद, उड़ीसा, रायपुर, रांची से अलग अलग आर्टिस्ट आ रहे हैं जो हमारे सरगुजा संभाग में ब्यूटीशियन क्षेत्र में कार्य कर रहे महिला एवं पुरुषों को ब्यूटीशियन के बारे में प्रशिक्षण देंगे। इसके साथ ही शहर में पहली बार बॉलीवुड अभिनेत्री रितु शिवपुरी का आगमन हो रहा है। रितु शिवपुरी बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी की पुत्री है और कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। इसके साथ ही कार्यक्रम में संभाग के प्रसिद्ध अधिवक्ता तथा आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डीके सोनी शामिल होंगे। पार्थ इवेंट द्वारा एक ऐसा मंच तैयार किया जा रहा है ।

### गर्मी के मद्देनजर आंगनबाड़ी संचालन समय में परिवर्तन

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर रिमिजियुस एक्का द्वारा वर्तमान में तेज गर्मी को देखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेशानुसार 8 अप्रैल से 15 जून तक जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक किया जाएगा।

### ग्रामीण के खाते से गायब हो गए 1.63 लाख रुपए

**अंबिकापुर।** बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम दहेजवार निवासी दीनानाथ यादव आ. स्व. रामराज यादव का सेन्ट्रल बैंक बलरामपुर में खाता विगत 30 वर्षो से संचालित है। दीनानाथ यादव द्वारा एक वर्ष से फोन पे का उपयोग किया जा रहा है लेकिन 24 मार्च से अचानक उसके खाते से पैसे गायब हो गए। अंतिम बार 27 मार्च को उसके खाते से 18 हजार रुपए काटने का मैसेज आया। ऐसे में जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि ग्रामीण के खाते से सुशांसत सिंह व गजेंद्र सिंह के पास उसके फोन पे से 1 लाख 63 हजार रुपए ट्रांसफर हुए है जबकि ग्रामीण या उसके परिवार से किसी सदस्य द्वारा राशि ट्रांसफर नहीं किया गया है। ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामले में धारा 420 व आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



**रमज़ान मुबारक**

**चौबीसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.18 बजे

कल की सेहरी - 4.22 बजे

---

### शासन से मिली स्वीकृति, दो वर्ष पूर्व भेजा गया था प्रस्ताव

# 46 करोड़ रुपए की लागत से होगा जिला न्यायालय के पांच मंजिला भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





**खास बात**

- अब मिली तकनीकी स्वीकृति

वर्षों से पुराने भवन में संचालित जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए नए भवन का निर्माण किया जाएगा। भवन निर्माण के लिए शासन से 46 करोड़ रुपए की तकनीकी स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अंडर ग्राउंड पार्किंग के साथ पांच मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा और इसके बाद सभी न्यायालय एक ही छत के नीचे संचालित हो सकेंगे। अधिकारी अब आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही जा रही है। बता दें कि शहर के बीच जिला एवं सत्र न्यायालय का संचालन किया जा रहा है। वर्षों पुराने भवन में संचालित न्यायालय में कई प्रकार की समस्याएं सामने आ रही है इसके साथ ही भवन अब छोटा पड़ने लगा है। जगह की कमी के कारण परिसर में अलग अलग भवन में न्यायालय संचालित हो रहे है। ऐसे में एक नवीन व वृहद न्यायालय भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव बनाकर दो वर्ष पूर्व भेजा गया था। नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई थी जिसके बाद हाल ही में शासन से 46 करोड़ रुपए की लागत से भवन निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति भी मिल गई थी। बताया जा रहा है कि इस राशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा जी प्लस फोर यानी पांच मंजिला भवन का निर्माण कराया जाएगा। एसडीओ एनएस ध्रुव का कहना है कि टेक्निकल स्वीकृति मिलने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई ऐसे में अब आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद भवन निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

#### मिल गई है स्वीकृति

जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए शासन से तकनीकी स्वीकृति मिल गई है। 46 करोड़ रुपए की लागत से भवन का निर्माण किया जाएगा। भवन निर्माण के लिए फिलहाल स्थल का चयन किया जा रहा है और आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

-वी के एस वेदिया
ईई लोनिवि

#### नहीं हो पाया है स्थल का चिन्हांकन

भवन निर्माण के लिए फिलहाल स्थल का चयन नहीं किया जा सका है लेकिन अधिकारी आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के बीच ही भवन निर्माण कराए जाने की बात कह रहे है और वर्तमान में विकल्प के रूप में नमनाकला स्थित सवा चार एकड़ जमीन को रखा गया है जिसे हाल ही में अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए कलेक्टर ने शासकीय मद में दर्ज किया है। हालांकि फिलहाल इसपर निर्णय नहीं हो पाया है और अधिकारी वैकल्पिक रूप से जमीन का चिन्हांकन कर रहे है लेकिन नमनाकला की इस जमीन पर ही भवन निर्माण की बात कही जा रही है।

#### भवन में होंगे 24 कोर्ट रूम

बताया जा रहा है कि 46 करोड़ की लागत से बनने वाले इस जिला न्यायालय भवन में एक ही छत के नीचे सभी न्यायालय संचालित हो सकेंगे। जी प्लस फोर भवन में अंडरग्राउंड पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर के साथ ही चार मंजिल होंगे। भवन में 24 कोर्ट रूम बनाए जाएंगे। इसके साथ ही नाजरत शाखा, कम्प्यूटर रूम, महिला व पुरुष लॉकअप रूम, मेडिकल रूम, रिकॉर्ड रूम, लाइब्रेरी, मालखाना, बार काउंसिल के रूम सहित अन्य कमरे होंगे। शासन द्वारा जो स्वीकृति दी गई है इसमें सिविल के साथ ही इलेक्ट्रिक कार्य शामिल है ऐसे में करोडो रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त जिला न्यायालय भवन का निर्माण कराया जा सकेगा।

---

# सनकी बेटे ने घर व बाइक को लगा दी आग, पिता को मारने दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार, दर्रीडीह की घटना

पिता से विवाद के दौरान सनकी बेटे ने घर में जमकर उत्पात मचाया। युवक ने पहले तो अपने पिता को मारने के लिए टांगी लेकर दौड़ाया और जब पिता भागने में सफल हो गया तो आरोपी ने घर के अंदर रखी बाइक को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में बाइक के साथ घर जलकर खाक हो गया। मामले में पुलिस ने उत्पाती युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम दर्रीडीह निवासी 45 वर्षीय कलम साय आ. सोमारू एक्का अपने परिवार के साथ खेती किसानी का काम करता है। ग्रामीण ने अपने बेटे समीर की शादी के बाद उसे घर से अलग कर दिया था। शादी के बाद समीर की भी तीन संतानें है। पुलिस के अनुसार 2 अप्रैल की रात साढ़े बारह बजे समीर घर पहुंच गया और अपने पिता से इस बात को लेकर विवाद करते लगा कि उन्होंने शादी के बाद उसे घर से अलग कर दिया और अब उसपर ध्यान नहीं दे रहे है। आरोपी पुत्र समीर एक्का ने घर में जमकर उत्पात मचाया और जमकर गाली गलौज की और तांकि से घर के लकड़ी के दरवाजे को काट दिया और घर के ताला को तोड़ दिया। आरोपी ने टांगी से अपने पिता पर जानलेवा हमला करते हुए उसे मारने के लिए दौड़ाया लेकिन वह भागने में सफल रहा। इस दौरान आरोपी ने घर में मौजूद पिता की बाइक सीजी 15 डीडब्ल्यू 2814 को आग के हवाले कर दिया। बाइक में लगी आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और घर व बाइक जलकर खाक हो गए। इस घटना की शिकायत कलम साय ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पुत्र 23 वर्षीय समीर एक्का आ. कलम एक्का को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को धारा 294, 506, 427, 436 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी रघुनाथपुर से प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक राकेश एक्का, अरविंद तिवारी, मकरध्वज पैंकरा आदि सक्रिय थे।

---

# कैश ऑन डिलीवरी कंपनी का 11.65 लाख लेकर फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





- दिसंबर माह से पुलिस कर रही थी आरोपी की तलाश

कैश ऑन डिलीवरी कम्पनी में काम करने वाले कर्मचारी को पुलिस को कंपनी के 11 लाख 65 हजार रुपए से अधिक के गबन के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवक कंपनी के पैसे लेकर बैंक में जमा कराने के नाम पर निकला था और उसके बाद से फरार हो गया था।

शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने अब युवक को शहर से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है और उसके बाद से 30 हजार रुपए बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुपेला भिलाई के वैशाली नगर रामनगर निवासी शशि भूति आ. चित्रगुप्त शरण ने 22 दिसंबर 2023 को पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई वह कैश ऑन डिलीवरी कम्पनी में सिक्योरिटी मैनेजर के रूप में कार्य करता है और उनकी कम्पनी की एक शाखा अंबिकापुर में संजय पार्क के सामने संचालित है। कम्पनी में अमरनाथ साहू टीम लीडर के रूप में 9 सितंबर 2021 से काम कर रहा था। अमरनाथ साहू का काम कैश ऑन डिलीवरी में आए पैसों का हिसाब रखना और समय समय पर रुपए को कंपनी के खाते में जमा कराना था। 10 दिसंबर को अमरनाथ साहू कंपनी के 11 लाख 65 हजार 946 रुपए लेकर जमा करने के लिए लिए निकला था और उसके बाद से वह फरार है। पुलिस द्वारा मामले में धारा 406, 408 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने युवक की तलाश तकनीकी जानकारी के आधार पर नेपाल, बनारस, भिलाई व अन्य स्थानों पर की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसी बीच पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपी अंबिकापुर आ रहा है ऐसे में पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मिशन चौक के समीप से अमरनाथ साहू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 हजार रुपए बरामद किया है।

---

## युवती का अपहरण आरोपी युवक को किया गया गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने युवती को बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अपनी बेटी को 15 दिनों पहले अपने रिस्तेदार के घर ग्राम कोट में छोड़कर आया था इस दौरान युवती 31 मार्च की रात बिना बताए ही घर से लापता हो गई थी। पिता की शिकयत पर पुलिस द्वारा धारा 363 के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने जांच उपरान्त तकिया निवासी इबरान अंसारी के पास से युवती को बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी रघुनाथपुर से प्रधान आरक्षक संजय नागेश, आरक्षक मोहम्मद इदरीश आदि सक्रिय रहे।

---

# हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर खाक



घटना स्थल पर लोगों की भीड़ व आग बुझाते दमकलकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- वेल्डिंग करने के दौरान लगी आग

पुराना बस स्टैंड के समीप उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब अचानक हार्डवेयर दुकान में आग लग गई। आगजनी से दुकान में रखे लगभग 15 से 20 लाख कीमत के सामान जल कर खाक हो गई जबकि दुकान में बेल्डिग कर रहा युवक आग की चपेट में आने से झुलस गया।

इधर दमकल कर्मियों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं आग से झुलसे युवक को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि आगजनी वेल्डिंग के दौरान शार्ट सर्किट के कारण लगी। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित महालक्ष्मी हार्डवेयर कि दुकान में लगभग 4-5 बजे के बीच अचानक आग लग गई। इधर दुकान से धुआं निकलते देख लोगों ने आग लगने की आशंका पर तत्काल घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। बताया जा रहा है कि दुकान के अंदर वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट हुई जिससे पूरे दुकान में आग लग गई। आनन फानन में फायर बिग्रेड के गाड़ियों को बुलाया गया आग इतना भीषण था कि आग पर काबू पाने के लिए अम्बिकापुर, बैकुंठपुर और सूरजपुर के पांच दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पाते इससे पहले ही दुकान में रखे लाखों का सामान जलकर खाक हो चुकी थी।

#### वेल्डिंग कर रहा युवक झुलसा



हार्डवेयर दुकान में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक शार्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। इधर वेल्डिंग का कार्य कर रहे पंपापुर निवासी अजय साहू को जब तक दुकान में आग लगने की जानकारी लगी तब तक आग पूरे दुकान में फैल गया था। किसी तरह युवक जान बचाकर दुकान से बाहर निकला। इस बीच युवक आग की चपेट में आने से लगभग 40 प्रतिशत जल गया था जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अम्बिकापुर रेफर कर दिया गया है।

#### 15 से 20 लाख का नुकसान

आगजनी से लगभग 15 से 20 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। दुकान संचालक ने बताया कि आग लगने से लगभग 15 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। दुकान में रखे रंग,पेंट, थिनर, प्लाइवुड में आग पकड़ लेने ज्यादा नुकसान हुआ है।

---

# परीक्षा छोड़कर घर का काम करने वाले प्रधान पाठक को डीईओ ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- निरीक्षण करने पहुंचे जनशिक्षक से की गाली-गलौच, फाड़ दिया जांच प्रतिवेदन

बिना सूचना वार्षिक परीक्षा के दिन स्कूल छोड़कर घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने एवं निरीक्षण पर पहुंचे जन शिक्षक से फोन पर गाली-गलौच करने एवं जांच प्रतिवेदन फाड़ने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला बगीचापारा के प्राधानपाठक ललकू राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानपाठकों को प्राथमिक शाला की वार्षिक परीक्षाएं 1 अप्रैल से लेने के निर्देश दिए थे। विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत संकुल केन्द्र उरदरा के जनशिक्षक 1 अप्रैल को प्राथमिक शाला बगीचापारा के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे तो प्रधानपाठक ललकूराम बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिले। प्रधानपाठक की लापरवाही से बच्चों की वार्षिक परीक्षा शुरू नहीं हो सकी। जनशिक्षक ने प्रधानपाठक को फोन लगाया तो वह गाली-गलौच करने लगा। जनशिक्षक ने बच्चों की वार्षिक परीक्षा शुरू कराई। जन शिक्षक द्वारा फोन करने के बाद प्रधान पाठक घंटो विलम्ब से स्कूल पहुंचा तथा जन शिक्षक से विवाद करने लगा। उसने जनशिक्षक से जांच प्रतिवेदन छिन लिया तथा उनके सामने ही प्रतिवेदन फाड़कर देख लेने की धमकी देने लगा। जन शिक्षक ने बीईओ को स्थिति से अवगत कराया। बीईओ के प्रतिवेदन पर डीईओ ने अनुशासनहीन एवं लापरवाह प्रधानपाठक ललकू राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

### दुर्घटनाओं में कमी लाने दिए गए सुधार के सुझाव

# खरहरा नाला, फुल्लीडुमर सहित 6 ब्लैक स्पॉट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते अधिकारी।

जिले के वाड्रफनगर बसंतपुर क्षेत्र में दुर्घटनाजनित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया गया। टीम द्वारा दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रेम्बलर स्ट्रिप, पोल शिफ्टिंग, चौक का निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण सहित अन्य सुधार कार्यों को लेकर चर्चा की। बता दें कि जिले के बसंतपुर क्षेत्र में कुल छह स्थानों पर सर्वाधिक दुर्घटनाएं होती है। इन दुर्घटनाओं में होने वाली जान माल की हानी हो रही है। ऐसे में दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर आर एक्का व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी निमेश कुमार बरैया के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक व यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, तहसीलदार डॉ. मोहन लाल भारद्वाज, लोनिवि से अशोक तिवारी व हुबलाल अहिंद, परिक्षेत्र सहायक पवन रुपौलिहा, थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह, चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह, आरआई सुधीर सिंह के साथ ही नगर पंचायत की टीम द्वारा कुल छह स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही इन स्थानों पर सुधार के सुझाव दिए। अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खरहरा नाला मोड़ में रेम्बलर स्ट्रिप, रोड के बाएं तरफ लगे विद्युत पोल की शिफ्टिंग, रोड के दाहिने तरफ साल वृक्ष के कटाई हेतु संबंधित विभाग से अनुमति प्राप्त कर कटिंग, क्रॉस बेरियर, पनसरा मोड़ में फॉरेस्ट का मुनारा शिफ्टिंग तथा क्रॉस बेरियर, प्रेमनगर मोड़ में चौक का निर्माण, ट्रेगुलर स्ट्रिप तथा बाएं तरफ रोड़ चौड़ीकरण करने, जमई मोड़ में स्थित चबुतरा की शिफ्टिंग, ब्रेकर का निर्माण, फुलीडूमर मोड़ में दाहिने तरफ झाड़ियो की कटिंग, क्रॉस बेरियर तथा ब्रेकर का निर्माण, बस स्टैंड वाड्रफनगर तथा बलंगी रोड सब्जी मंडी वाड्रफनगर में अनाधिकृत रूप से लगे ठेला व दुकान के संचालको को नगर पंचायत वाड्रफनगर के द्वारा नोटिस देकर 2 दिवस के अंदर खाली करने को निर्देशित किया गया।

---

# दर्द से तड़पती महिला का सड़क किनारे हुआ प्रसव



**अंबिकापुर।** मंगलवार की दोपहर खरसिया चौक पर सड़क किनारे के प्रसूता ने बच्चे को जन्म दे दिया। महिला सोनग्राफी कराने के लिए आई हुई थी इस दौरान चिकित्सकों ने प्रसव का समय नहीं होने का हवाला देकर महिला को वापस भेज दिया लेकिन जब महिला बस पर चढ़ने लगी तो उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और इसके बाद महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया।

आस पास मौजूद लोगों ने रास्ते से गुजर रही एम्बुलेंस को रुकवाकर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। फिलहाल प्रसूता व नवजात की हालत सामान्य बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बतौली के ग्राम मानपुर निवासी प्रीति आज अपना सोनोग्राफी कराने के लिए शहर में आई थी। निजी क्लिनिक में सोनोग्राफी कराने के दौरान उसे प्रसव में समय शेष होने की बात कही गई जिसके बाद महिला परिजन के साथ घर जा रही थी। इस दौरान महिला खरसिया चौक पर जैसे ही घर जाने के लिए बस पर चढ़ी उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। प्रसव पीड़ा होने पर महिला को बस से नीचे उतारा गया जिसके बाद उसने सड़क किनारे फल दुकान के सामने ही बच्चे को जन्म दे दिया। महिला सात माह की गर्भवती थी। महिला को सड़क किनारे प्रसव होने के बाद लोगों की भीड़ लग गई। इस बीच स्थानीय लोगों ने रास्ते से गुजर रही संजीवनी 108 एम्बुलेंस को रोककर महिला व नवजात को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जहां दोनों का उपचार जारी है।

2 APRIL- ALL -BHOOMI-PG-2 FULL PAGE_Layout 1 4/2/2024 8:32 PM Page 1





## खबर संक्षेप



### ब्राह्मण समाज की बैठक में किया गया ब्लॉक समिति का गठन

**राजपुर।** विप्र ब्राह्मण समाज की बैठक वाड्रफनगर में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष डॉ. बीएन द्विवेदी, जिला सचिव उमेश झा की मौजूदगी में वाड्रफनगर राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण परिसर में आयोजित बैठक के दौरान वाड्रफनगर ब्लॉक इकाई के विप्र ब्राह्मण समाज का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष रमेश कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ला, बसंत राम दुबे, सचिव डॉक्टर वीके पांडे, कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला, संगठन मंत्री मनीष तिवारी, मीडिया प्रभारी आनंद मिश्रा, समाज प्रवक्ता धीरेंद्र द्विवेदी को मनोनीत किया गया। बैठक उपरान्त विप्र ब्राह्मण समाज द्वारा वाड्रफनगर परशुराम चौक स्थित भगवान परशुराम माल्यार्पण कर श्रीफल चढ़ाने के साथ ही श्री राधेकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश पाण्डेय, मथुरा प्रसाद दुबे, अवधेश कुमार दुबे, अमरीश कुमार शुक्ला, शिवनाथ तिवारी, राज कुमार पाण्डेय, चिंतामणी दुबे, प्रेम सागर तिवारी, देव कुमार पांडेय व बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### राजमिस्त्री ने मजदूर महिला से कियाया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** मजदूर से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने राजमिस्त्री को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोधनपुर चर्च के समीप भवन निर्माण का काम चल रहा है। 14 मार्च को



निर्माण कार्य के दौरान काम करने वाली मजदूर जब बाथरूम के लिए बाहर झाडी की ओर गई थी इसी दौरान वहां काम करने वाले राजमित्री ने मौका पाकर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस दौरान राजमिस्त्री ने महिला को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद 27 मार्च को पुनः मजदूरी का पैसा देने के बहाने से ऑटो में बैठकर अपने साथ अजिरमा की तरफ ले गया और खेत में पुनः उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस द्वारा मामले में धारा 376(2)(एन), 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सुरजपुर जिले के जयनगर कल्याणपुर निवासी 40 वर्षीय श्यामलाल रवि को गिरफ्तार हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना गांधीनगर से आरक्षक अरविंद उपाध्याय, ऋषभ सिंह आदि सक्रिय रहे।

### हारजीत का दाव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**कुसमी।** ग्राम कंजिया में हार जीत का दाव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कंजिया में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हारजीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस टीम पिकअप वाहन से मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे चंद्रनाथ सिंह आ. बृजनाथ सिंह (36 वर्ष), जनेश्वर आ. गोपाल (32 वर्ष), शक्ति आ. जनक (32 वर्ष), राजेश आ. गुप्ता प्रसाद (40 वर्ष) व सुबेनाथ आ. सुखना सिंह (45 वर्ष) को पकड़ फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 12 हजार 700 रूपए के अलावा 4 बाइक को जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक प्रांजुल कश्यप , विष्णुकांत मिश्रा, सुकेश एक्का , आरक्षक अमर, मृद्धा, आशीष बखला, देवेंद्र भगत, धीरेंद्र सिंह चंदेल, संजय साहू सहित अन्य पुलिस कर्मी सक्रिय रहे।

### ठेकेदार की मनमानी को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे विरोध, मामला पहुंचा थाने

# जेसीबी से नाला निर्माण कराने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्रामीणों के विकास के लिए शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है जिसमे से एक मनरेगा योजना है जिसके तहत ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न निर्माण कार्य मशीनीकरण के बजाय ग्रामीणों को काम देकर कराया जाता है जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है। गांव में नाला, तालाब गहरीकरण, नहर निर्माण सहित अन्य कार्य में गांव के लोगों को प्रतिदिन हिसाब से मजदूरी का काम मिलता है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत पलगी के केकर झरिया पारा में नाला निर्माण कार्य में नियम को दर किनार कर गांव के मजदूर के बजाय ठेकेदार द्वारा जेसीबी का उपयोग कर निर्माण कराया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और काम बंद करा दिया। ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच हुए विवाद का मामला अब थाने पहुंच गया है।

**खास बात**

- मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत में पलगी के केकर झरिया पारा में 17 लाख की लागत से हो रहा निर्माण

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पलगी के केकर झरिया पारा के चाईबास में मनरेगा के तहत नाला निर्माण करीब 17 लाख रुपए लागत स्वीकृत है। जिसका कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। स्थानीय मजदूरों द्वारा जेसीबी मशीन से कार्य जाने का विरोध भी किया। विरोध करने के कारण पंडो जनजाति के एक मजदूर के साथ मनरेगा के कथित रूप से ठेकेदार द्वारा मारपीट भी की गई और मामला जो थाने तक पहुंचा है। गौरतलब है कि मनरेगा के कार्य में मशीन पूर्णत प्रतिबंधित होने के बाद भी रामचंद्रपुर विकासखंड के अधिकांश ग्राम पंचायत में धड़ल्ले से मनरेगा के कार्य में मशीन का उपयोग किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी की परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्राम पंचायत पलगी के केकर झरिया पारा के चाइबास नाला में करीब 17 लख रुपए से पुलिया का निर्माण स्वीकृत हुआ है। कार्य की शुरुआत से ही मजदूर से काम न करा कर ठेकेदारी से मनरेगा का कार्य कराया जा रहा है। जबकि मनरेगा के काम में मशीनीकरण से प्रतिबंधित तो है ही वही ठेकेदारी भी प्रतिबंधित है। ग्रामीणों में मशीन से कार्य कराए जाने को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों को जब जानकारी मिली कि मनरेगा का कार्य मशीन से कराई जा रहा है तो विरोध किया। इधर ग्रामीणों के विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा एक पंडो जनजाति के मजदूर साथ मारपीट की। पीड़ित मजदूर ने घटना की शिकायत त्रिकुण्डा थाने में की। ग्रामीणों की मांग है कि नाला निर्माण कार्य में उन्हें मजदूरी का काम दिया जाए और जेसीबी का उपयोग न करे।



नाला निर्माण के लिए खुदाई करते जेसीबी।

**मजदूर की आस**

शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को मनरेगा योजना के तहत सौ दिन का मजदूरी देने की योजना है। योजना के मुताबिक ग्रामीणों को नहर निर्माण, तालाब गहरीकरण सहित गांव में विभिन्न निर्माण के तहत मजदूरी देकर रोजगार उपलब्ध कराई जाती है। ग्राम पंचायत पलगी के केकर झरिया पारा के चाईबास नाला में मनरेगा के तहत नाला निर्माण कार्य शुरू किया गया। गांव में मनरेगा के तहत नाला निर्माण होने पर क्षेत्र के ग्रामीणों को नाला निर्माण में मजदूरी मिलने की आस जगी। परंतु ठेकेदार द्वारा मजदूरों से काम न कराकर जेसीबी से नाला खुदाई का कार्य शुरू कर दिया जिससे क्षेत्र मजदूर काम से वंचित हो हो गए। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार न सिर्फ ग्रामीणों से विवाद किया बल्कि उनके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गया। ग्रामीणों ने घटना की शिकायत थाने में की है।

**कार्य को किया जाएगा निरस्त**

मनरेगा के तहत जो भी काम होते है उस काम को गांव मजदूरों से कराए जाते है। गांव में हो रहे नाला निर्माण में मजदूर के बजाय मशीन से हो रहा है तो उस कार्य को निरस्त किया जाएगा।

-इंदिरा मिश्रा
जपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी



समारोह में शामिल समाज के लोग।

## जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया उत्कल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

88 वां उड़ीसा राज्य गठन दिवस के अवसर पर बिश्रामपुर उत्कल समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में उत्कल गौरव दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज के विजय महाकुल पर्सनल मैनेजर गायत्री एवं खनिज अधिकारी अजय रंजन दास उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाप्रभु जगन्नाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान उत्कल समाज के नन्हे बच्चों द्वारा गायन, नृत्य एवं उत्कल दिवस पर वाक्य पढ़ा गया। साथ ही महिलाओं द्वारा लोकगीत एवं भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। इन सभी को मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ जनों क्रमशः अलका महाकुल, सुष्मिता स्वाई एवं सुजाता स्वाई द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस कड़ी में निरंतर 36 वर्ष से एसईसीएलकम्पनी में अपनी सेवा दे चुके सीनियर स्टोर कीपर नित्यानंद स्वाईं का अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके पश्चात समाज के संरक्षक अशोक स्वाईं द्वारा समाज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। मंच का संचालन अध्यक्ष विशाल स्वाईं द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि उड़ीसा राज्य गठन दिवस को उत्कल गौरव दिवस के रूप में प्रति वर्ष मनाया जाता है। अब आगामी दो माह पश्चात होने वाले रथ यात्रा की तैयारी भी जल्द शुरू की जाएगी जिसके लिए कमेटी द्वारा अभी से रूपरेखा तैयार की जा रही है। आभार प्रदर्शन अनुराधा प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अलंकार नायक, प्रभाकर स्वाई, एलसी त्रिपाठी, प्रदीप त्रिपाठी, त्रिनाथ देवरी, सेनापति प्रधान, राजेंद्र प्रधान, विद्याधर साहू, अक्षय साहू व अन्य सक्रिय रहे।

## विधायक ने जन संपर्क कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

सोनगरा में ग्राम वासियों से मुलाकात कर विधायक.ने कंवरपारा,सारसताल और पिपरपारा में ग्रामीणें से मुलाकात कर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हुए लाभान्वित से चर्चा की। .विधायक शकुंतला पोर्ते ने सोनगरा में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए लोकसभा में अपना बहुमूल्य वोट का उपयोग करते हुए योग्य प्रत्याशी को वोट देने की बात कही।

विधायक शकुंतला ने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन की सरकार है.जो विकास के नए आयाम रोजाना गढ़ते हुए विकास की गति करने ने लगे है। उन्होंने केंद्र और राज्य में भाजपा की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से भी मुलाकात किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही लोगों की समस्याओं को जल्द निराकरण किया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान सुखदेवपुर, चंद्रपुर, बोझा और सकलपुर में भी जनसंपर्क किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार गुप्ता,अशोक गुप्ता, शरद चन्द्र द्विवेदी, राकेश शुक्ला, दशरथ सिंह, कृपाशंकर प्रजापति, श्याम प्रजापति, जय बहादुर सिंह, अनुराग द्विवेदी, ओम प्रकाश पैंकरा, सरपंच रामेश्वर सिंह, मारवाड़ी सिंह, समय लाल मिश्रा, अशोक प्रजापति, झरीलाल पैंकरा, सोनू देवांगन, रोशन राजवाड़े, शंभू राजवाड़े, शिवभजन सिंह कोराम, सीताराम यादव,जालिधर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



समस्या सुनती विधायक।

## एटक संगठन की तीन दिवसीय भूख हड़ताल 8 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ठेका श्रमिकों के लंबित भुगतान को लेकर प्रबंधन के खिलाफ शुरू होगी भूख हड़ताल
- श्रमिक संगठन द्वारा लोक सभा चुनाव के बहिष्कार करने का भी लिया गया निर्णय

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के केतकी भूमिगत खदान के ठेका मजदूरों की लंबित भुगतान को लेकर एटक श्रमिक संगठन द्वारा 8 अप्रैल से तीन दिवसीय भूख हड़ताल किया जाएगा। साथ ही जल्द ही मांग पूर्ण न होने पर लोकसभा चुनाव बहिष्कार किए जाने की भी घोषणा की गई है। एटक श्रमिक संघ के पंकज गर्ग ने बताया कि केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत ग्राम गेतरा, केतका, पोड़ी, लाछा, लहंगा, डेडरी एवं सपकरा के ठेका श्रमिकों ने पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत कराया है कि श्री परमानंद एवं अवंती इलेक्ट्रिकल के द्वारा ठेका श्रमिकों के खाते में 1199 रुपए एचपीसी मजदूरी का भुगतान कर आधी मजदूरी वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर पिछले दो माह से केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत सभी ठेका श्रमिकों को काम से बैठा दिया गया है, जिससे आसपास के ग्रामीण ठेका श्रमिकों के समक्ष परिवार जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो गई है। ठेकेदार एवं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों को एचपीसी भेज भुगतान न करना पड़े, इसलिए नए ठेका श्रमिकों को 750 रुपए के वेतनमान पर रख रहा है। एसईसीएल एवं ठेकेदार मिलकर साजिश करते हुए ठेका श्रमिकों के वेतन में भारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं, जिससे लगभग प्रतिमाह 10-12 लाख रुपए का गबन किया जा रहा है। ठेका श्रमिकों ने तीन सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपते हुए 5 दिनों में मांग को पूर्ण नहीं किए जाने पर ग्रामीण ठेका श्रमिकों ने ठेकेदार द्वारा आधी मजदूरी वापस लेने के विरोध में 8 अप्रैल से तीन दिवसीय भूख हड़ताल एवं आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। ज्ञापन के माध्यम से यह भी अवगत कराया गया है कि गायत्री एवं केतकी भूमिगत खदान में कार्यरत ठेका श्रमिकों को 6 माह पूर्व 400-500 रूपए प्रतिदिन की दर से मजदूरी का भुगतान किया जाता था। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) युनियन द्वारा एचपीसी वेज की मांग को लेकर सभी ठेका श्रमिकों को संगठित कर कई चरण में आंदोलन किए जाने के पश्चात एसईसीएल प्रबंधन एवं प्राइवेट कंपनियों ने पिछले दो माह से ठेका श्रमिकों को 1199 रुपए प्रतिदिन की दर से एचपीसी वेज भुगतान करना आरंभ किया था, परंतु केतकी भूमिगत खदान के ठेकेदार द्वारा एसकेएमपीएल प्रबंधन से सांठ गांठ कर मजदूरी भुगतान में गबन करने का मामला सामने आया है।

### 13 नग भैंसा के साथ आठ मवेशी तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** मवेशी तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने 8 मवेशी तस्करों को पकड़ने के साथ ही उनके कब्जे से 13 नग भैसा बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि प्रतापपुर डुमरखोला की तरफ से तस्कर मवेशियों पैदल हाकंते हुए झारखंड की ओर लेकर जा रहे है। सूचना के बाद यातायात प्रभारी व पुलिस टीम द्वारा ग्राम चंपापुर पथरी में घेराबंदी कर 8 लोगों को पकड़ा गया और उनके कब्जे से 13 नग भैंसा बरामद किया गया। आरोपियों ने मवेशियों को झारखंड के बूचड़खाने लेकर जाने की बात कबूल की है। पुलिस ने मामले में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 11 (घ) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल पर रहेगा प्रतिबंध

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 150/ वि.विवाह अधि./वाचक/2024 बलरामपुर दिनांक 18.03.2024

फर्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

(नियम 6 देखिए)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष कौशल बेक आ.सिखम राम उम्र 28 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम नवाडीहकला थाना व तहसील शंकरगढ़ जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के वधु पक्ष मानकुमारी आत्मज रामप्रसाद उम्र 25 वर्ष जाति बरगाह निवासी ग्राम डुमरखोला थाना व तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर - रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशयित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वतीय अनुसूचि में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 18.04.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

(सुनवाई दिनांक 18.04.2024)

**अपर कलेक्टर**
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बलरामपुर - रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला -सूरजपुर (छ.ग.)**

(सार्वजनिक उदघोषणा)

क्रं./Q/वाचक/2/2024 दिनांक 5/3/024

सर्व साधारण ग्राम कुरूवा तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र टोप्पो पिता/पतिः विनय टोप्पो जाति उरांव निवासी ग्राम कुरूवां तहसील व जिला सूरजपुर छ.ग. के द्वारा अपने दादी बिच्छो बाई पिता/पत्नी शिवप्रसाद का मृत्यु दिनांकः- 25/03/2019 होनें से मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु ) रजिस्ट्रीकरण (मध्यप्रदेश) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आछेप/आपत्ति हो तो दिनांक 4 /4/2024 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आछेप/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। तदानुसार प्रकरण में कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांकः-5/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला - सूरजपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रं.Q/ब-121/2023-24 दिनांक 5/3/2024

आवेदक/आवेदिका का नाम रवि कुमार पिता /पति बसन्त लाल जाति-उरॉव निवासी कुरूवां ग्राम कुरूवां प.ह.नं. थाना विश्रामपुर तहसील व सूरजपुर जिला सूरजपुर छ.ग. ने अपने बाबा मंगला पिता/पति फादुल का मृत्यु दिनांक :- 06/07/2021 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतू आवेदन प्रत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 4/4/2024 दिन-गुरूवार को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेग।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांकः-5/3/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)























## खबर संक्षेप

### चैत्र नवरात्रि पर मैहर दर्शनार्थियों के लिए एक्सप्रेस ट्रेन के अस्थायी ठहराव की सुविधा

**बिश्रामपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला का आयोजन 9 से 23 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्ग-नैतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस गाड़ी का मैहर स्टेशन में अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है ।

### पीजी कॉलेज में मनाया गया विश्व ऑटिज्म दिवस



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.तृप्ति विश्वास एवं प्राध्यापक श्रीमती ज्योति लकड़ा के मार्गदर्शन में 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म दिवस मनाया गया। आमंत्रित वक्ता विषय विशेषज्ञ नर्सिंग ऑफिसर मनोज कुमार बिसेन रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में ऑटिज्म क्या है लक्षण प्रभाव एवं निदान को विस्तार से बताते हुए इसके उपचार पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया तथा ऑटिज्म की स्पष्ट स्थिति का आंकलन करने के लिए निर्मित यंत्र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभागाध्यक्ष डॉ.जर्मिना तिर्की, डॉ.संगीता पाण्डेय, जनभागीदारी शिक्षक शुभम पोद्दार, छात्रा सौम्या सिंह, माधुरी सिंह की शंकाओं का समाधान किया। मनोज कुमार बिसेन ने प्रायोगिक तौर पर लाफ्टर थेरेपी कराया। कार्यक्रम का संचालन चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान ठाकुर ने किया। आभार ज्ञापन छात्र अभिषेक गुप्ता ने किया। इस दौरान डॉ.आभा जायसवाल, डॉ.रश्मि इंगोले, सुश्री सोहनी सिंह, अल्पना भारती आदि उपस्थित थे।

### बस्तामुक्त विद्यालय में किया गया परीक्षा उत्सव कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में परीक्षा उत्सव कार्यक्रम शैक्षिक समन्वयक विजेंद्र लाल जायसवाल व घरभरन सिंह प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला रुनियाडीह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा उत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन को परीक्षा के भय से मुक्तकर परीक्षा के लिए तैयार करना, आनंददायी वातावरण में परीक्षा देना, नैसर्गिक व स्वतंत्र प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना है। प्रथम दिवस परीक्षा पूर्व कक्षा छठवीं तथा सातवीं के सभी 56 बच्चों को दो पेन-पेन्सिल, रबर-कटर प्रदान कर हौसला अफजाई किया गया। परीक्षा समाप्ति पर सभी बच्चों को परीक्षा पर चर्चा ऑन लाइन प्राप्त सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, फूलमेत राजवाड़े, सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया उपस्थित थे।

### पान ठेला संचालक ने की ऑटो चालक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** मिशन चौक समीप निवासी ऑटो चालक संतोष ताम्रकार आ. गोपाल ताम्रकार आज दोपहर ऑटो लेकर प्रतापपुर नाका के समीप शिवनाथ विश्वकर्मा के पान ठेला के सामने खड़ा कर यात्रियों का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पान ठेला के सामने ऑटो खड़ा करने पर शिवनाथ ने मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि शिव नाथ ने ऑटो चालक की जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### पुरुषोत्तम दास



**रामानुजगंज।** नगर के पुरुषोत्तम दास का आज दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर बी सोनवानी के पिता थे। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे दो बेटे व एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

---

### रविवार को कलेक्टर की उपस्थिति में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

# चैत्र नवरात्र में वागेश्वरी देवी का बदलेगा स्वरूप, स्वर्ण स्वरूप में देंगी दर्शन



कुदरगढ़ धाम का मुख्य द्वार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र में कुदरगढ़ धाम स्थित पहाड़ी पर विराजमान माता वागेश्वरी देवी अलग स्वरूप में नजर आएंगी। चैत्र नवरात्रि उपरांत फिर से देवी का स्वरूप बदल जाएगा। कलेक्टर रोहित व्यास के नेतृत्व में नवरात्र के लिए मंदिर एवं मेला परिसर की साफ-सफाई तथा रंग-रोगन कराने का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है। कुदरगढ़ पहाड़ी पर स्थित माता बागेश्वरी देवी चैत्र नवरात्र में बदले स्वरूप में दर्शन देंगी। आमतौर पर देवी के रजत मुख का दर्शन होता है। देवी के गले की मुण्डमाला एवं छत्र भी रजत का होता है। इस बार श्रद्धालुओं से दान में आभूषणों से ट्रस्ट में नवरात्र के लिए देवी के स्वरूप में बदलाव किया है। देवी चैत्र नवरात्र में स्वर्ण स्वरूप में दर्शन देंगी।

**खास बात**
- मंदिर एवं सीढ़ियों का कराया जा रहा रंग-रोगन

उनके गले का मुण्डमाला एवं छत्र भी स्वर्ण का होगा। नवरात्र के उपरांत देवी फिर से अपने पुराने रूप में दर्शन देंगी। कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट द्वारा चैत्र नवरात्रि की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। रविवार का कलेक्टर रोहित व्यास के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों एवं ट्रस्ट के सदस्यों ने अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा मेला परिसर की साफ-सफाई की। साफ-सफाई के उपरांत कलेक्टर श्री व्यास ने नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अधिकारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर आगामी 5 अप्रैल को उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करेंगे। उन्होंने इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों को कुदरगढ़ धाम में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

फिलहाल ट्रस्ट द्वारा मंदिर, रेलिंग, सीढ़िया, गेट आदि का रंग-रोगन कराया जा रहा है। मंदिर एवं मेला परिसर की साफ-सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। भीषण गर्मी एवं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पीएचई द्वारा मंदिर एवं मेला परिसर में जगह-जगह नल लगाए जा रहे हैं। टंकी से नलों के माध्यम से 24 घंटे पानी की आपूर्ति की जाएगी।

### साफ-सफाई में कलेक्टर ने बहाया पसीना



रविवार को मेला परिसर में स्वच्छता को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास काफी गंभीर नजर आए। आमतौर पर ऐसे आयोजन औपचारिक होते हैं तथा फोटो तक सिमटे रहते हैं लेकिन रविवार को कलेक्टर श्री व्यास का स्वच्छता के प्रति उत्साह देखकर उपस्थित लोग हैरान रह गए एवं स्वयं भी साफ-सफाई करते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने कड़ी धूप में डेढ़ घंटे तक अपने हाथों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। कलेक्टर को पसीने से भींगा देख सदस्यों ने दो दिन के भीतर पूरे परिसर की सफाई कराने का आश्वासन दिया तो कलेक्टर माने। इस दौरान एसडीएम सागर सिंह, तहसीलदार सालिगराम गुप्ता, जनपद सीईओ सहित ट्रस्ट के अध्यक्ष भुवन भास्कर सिंह, भीमसेन अग्रवाल, राजेश द्धवेदी, आशीष प्रताप सिंह, अजय तिवारी, ओंकार पाण्डेय, बलराम सोनी आदि ने भी श्रमदान कर पसीना बहाया।

### दुकानों का आवंटन प्रारम्भ

चैत्र नवरात्र में कुदरगढ़ धाम में विलाश मेला लगता है तथा नवरात्र के दौरान पूरा इलाका गुलजार रहता है। मेला में दूर-दूर के एक हजार से अधिक व्यवसायी अपनी दुकानें लगाते हैं। ट्रस्ट द्वारा स्थल के अनुसार 200-400 रूपए प्रतिदिन के किराए पर दुकानें आवंटित की जा रही हैं। ट्रस्ट ने कार एवं दो पहिया वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था अलग-अलग स्थानों पर की है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए 8 लाख एवं दोपहिया पार्किंग की नीलामी से ट्रस्ट को 2.70 लाख कुल 10.70 लाख हुई है। ट्रस्ट द्वारा तेल ज्योति कलश के लिए 701 रूपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### नवरात्र उपरांत बनेगा धर्मशाला

ट्रस्ट की बैठक में स्वयं की राशि से श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के लिए सर्व सुविधायुक्त 50 कमरों का धर्मशाला बनाने का निर्णय लिया गया है। धर्मशाला निर्माण पर 2 करोड़ रूपए खर्च होने का अनुमान है। वर्तमान में श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम के लिए 3 शेड उपलब्ध हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा इंदरपुर-कुदरगढ़ सड़क का चौड़ीकरण तेजी से कराया जा रहा है। कलेक्टर ने मेला परिसर स्थित शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चों के लिए लगे झूले

इस बार कुदरगढ़ मेला में पहुंचने वाले छोटे बच्चे बिना शुल्क झूले का आनंद ले सकेंगे। ट्रस्ट ने बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला परिसर में 12 झूले लगाए हैं। मेला में काफी भीड़ होने के कारण छोटे बच्चे कहीं घूम नहीं पाते हैं। ट्रस्ट द्वारा पेड़ों की छाव में झूले लगाए गए हैं जहां बच्चे अपना मनोरंजन कर सकेंगे।

### चल रहीं तैयारियां

कलेक्टर के निर्देशन में मेला एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रशासन एवं ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। कलेक्टर स्वयं सारी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।

-भुवन भास्कर सिंह
अध्यक्ष, कुदरगढ़ धाम ट्रस्ट

---

# बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने ग्रीष्मकालीन विशेष उत्कर्ष कोचिंग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला प्रशासन की विशेष पहल पर जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष कोचिंग उत्कर्ष क्लासेस की शुरुआत जिले में हो चुकी है।

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण, बच्चों को दिए टिप्स

कलेक्टर विलास भोस्कर ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेन्ड्राकला में संचालित कोचिंग में अध्ययनरत बच्चों से मुलाकात की व महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

उन्होंने बच्चों से कहा कि ये विशेष कक्षाएं ग्रीष्मावकाश के समय के सदुपयोग के लिए संचालित की जा रहीं हैं ताकि बोर्ड परीक्षा की तैयारी में अतिरिक्त समय मिल सके और परीक्षा परिणाम अच्छा हो। उन्होंने बच्चों को कोचिंग के महत्व के बारे में बताया और नियमित कक्षा में आकर, लगन के साथ पढ़ाई करने प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस दौरान शिक्षकों से कक्षा में कुल दर्ज संख्या और कोचिंग में उपस्थित बच्चों की संख्या की जानकारी ली तथा कहा कि जो बच्चे कोचिंग हेतु नहीं आ रहें हैं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें प्रेरित करें और कोचिंग के महत्व को बताएं। कोशिश करें कि शत-प्रतिशत बच्चे कक्षा में उपस्थित हों। बता दें आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिये अध्ययनरत कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं 12वीं के विद्यार्थियों हेतु गणित व जीवन विज्ञान संकाय में 1 अप्रैल से कक्षाएं शुरू हुई है जो 15 जून तक संचालित होंगी। जिले के कुल 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सुबह 8 बजे से 11 बजे कक्षाएं संचालित की जा रहीं हैं। हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी जिसमें सोमवार से गुरुवार तक कक्षाओं का संचालन होगा और हर शुक्रवार को साप्ताहिक मूल्यांकन होगा।



उत्कर्ष कोचिंग के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को टिप्स देते कलेक्टर।

### जंगल में जुआ खेलते 14 गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** कोरिया-कोरबा के बार्डर एरिया के समीप आने वाले जंगल में जुआ खेलते 14 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1 लाख 42 हजार रूपए नगदी सहित 17 लाख रूपए से अधिक का मोबाइल, गाड़ी सामान बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया एसपी सूरज सिंह परिहार को बीते दो दिनों से बचरापोंड़ी क्षेत्र में मुखबीर से जुआ खेलने की सूचना मिल रही थी। आरोपियों को पुलिस के मूवमेंट की भनक नहीं लगे, इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने एसपी कार्यालय, सायबर सेल एवं रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर की एक संयुक्त टीम तैयार कर छापेमारी के लिए उक्त स्थान पर भेजा, जहां पर जुआरियों द्वारा रुपए लगाकर हार जीत का दांव जुआ खेला जा रहा था। मुखबीर के बताए स्थान पर कोरिया पुलिस द्वारा घेराबंदी कर नगदी रूपए सहित 13 नग मोबाइल कीमती 85 हजार रुपए, 11 नग मोटर सायकल व 3 नग चार चक्का वाहन कीमती 15 लाख रुपए कुल रकम 17 लाख 27 हजार को जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3 जुआ अधिनियम के तहत थाना बैकुंठपुर में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया।



# भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भाजपा द्वारा सामरी विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 4 अप्रैल को मंडी प्रांगण राजपुर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिलाबाल विकास एवं परियोजना मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल होंगी। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े कार्यकर्ताओं से सीधी बात कर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करेंगी। इस सम्मेलन की तैयारी के सिलसिले में रविवार को भाजपा कार्यालय राजपुर में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक मतों से भाजपा को बढ़त दिलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलता है। कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। बैठक में विधानसभा संयोजक संजय सिंह, शिवनाथ यादव, धर्मपाल जायसवाल, शिवनाथ जायसवाल, अनिल तिवारी, सतीश सिंह, संतोष पाण्डेय, विनय भगत, मनोज बंसल, संजय जयसवाल, प्यारेलाल जयसवाल, दिनेश पैकरा, उदय यादव, जगवंशी यादव, सत्यनारायण गुप्ता, राजेश यादव अन्य मौजूद थे।

- महिला एवं बाल विकास मंत्री होंगी शामिल

# शराब बिक्री कर रही महिला को आबकारी विभाग की टीम ने पकड़ा



**सूरजपुर।** घर में महुआ शराब की कर रही महिला को आबकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आबकारी विभाग द्वारा आबकारी आयुक्त आर संगीता एवं कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली सिंह मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के संग्रहण पर लगतार कार्रवाई की जा रही है। इस बीच गश्त कर रहे आबकारी विभाग की टीम ने बसदेई पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम जूर निवासी रामबाई पति राजू सिंह (33 वर्ष) के घर दबिश देकर उसके पास से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने महिला के विरूद्ध धारा 34(1)क, 34(2) तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा, वीरेंद्र रात्रे, आबकारी मुख्य आरक्षक भरत सिंह, आबकारी आरक्षक कृष्णा कुशवाहा, कमलेश्वर राजवाड़े, नगर सैनिक बिंदु राजवाड़े एवं देवेंद्र कुमारी सक्रिय थे।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**धौरपुर।** आचार सहिंता लगने के बाद से एसपी के निर्देशन में पुलिस कसावट लाते हुए अवैध नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने चितरपुर पहाड़पारा में दबिश देकर अर्जुन नागेश पिता धनपत नागेश (35वर्ष) के पास से 40 लीटर अवैध महुआ शराब पकड़ने में कामयाब रही। बताया जा रहा है कि अर्जुन महुआ शराब की बिक्री काफी दिनों से कर रहा था। मुखबिर की सूचना मिलते ही एएसआई रामधनी, देवनारायण यादव ने स्टाफ के साथ पहाड़पारा जाकर आरोपी को पकड़ा। अर्जुन को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### फर्जीवाड़ा रोकने नायब तहसीलदार को बनाएं नकल शाखा का प्रभारी, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप नकलशाखा द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े की रोकथाम के लिए नकल शाखा का प्रभारी नायब तहसीलदार संवर्ग के अधिकारी को बनाने तथा उन्हीं के हस्ताक्षर से नकल प्रदान करने एवं संदिग्ध प्रविष्टि की नकल न देकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने बताया कि विकासखण्ड लुण्ड्रा के लालमाटी एवं शहर से सटे ग्राम कांतिप्रकाशपुर, मानिकप्रकाशपुर, दरिमा सहित अन्य कई गांवों के अधिकार अभिलेख में ओवरराइटिंग की गई है तथा सफेदा लगाकर फर्जी नाम चढ़ा दिया गया है। नकल शाखा के प्रभारी लिपिक द्वारा ऐसे संदेहास्पद भूखण्डों के नकल धड़ल्ले से दिए जा रहे हैं जिससे अनेक शासकीय भूखण्डों का आवंटन, हस्तांतरण एवं नामांतरण फर्जी तरीके से किया जा रहा है ऐसे भूखण्डों की तत्काल रजिस्ट्री भी की जा रही है। इसकी रोकथाम के लिए नायब तहसीलदार संवर्ग के अधिकारी को प्रभारी बनाने की मांग की है।













